# Daily Current Affairs

Date : 10 November, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | उदयपुर को 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट' |
| 2. | नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप : उदयपुर |
| 3. | गिद्ध संरक्षण में राजस्थान का योगदान |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान का पहला इंसेंटिव कैलकुलेटर : लाभकैल्क<br>2. बूंदी महोत्सव – 2025<br>3. 6 जिले अभावग्रस्त घोषित<br>4. रिहेबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के राजस्थान में 4 CoE |
| 5. | 18वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन और प्रदर्शनी, 2025 |
| 6. | राष्ट्रीय शहरी कॉन्क्लेव, 2025 |
| 7. | "आदि चित्र" |
| 8. | भारत और लैटिन अमेरिका संबंध |
| 9. | INS इक्षक |
| 10. | मिनटमैन-III परमाणु मिसाइल परीक्षण |
| 11. | मालाबार, 2025 अभ्यास |
| 12. | जेम्स वाटसन का निधन |
| 13. | गोल्डन पीकॉक अवार्ड, 2025 |
| 14. | राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, 2025 : 9 नवंबर |
| 15. | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, 2025 : 11 नवंबर |
| 16. | भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर : राहुल V.S. |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## उदयपुर को 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट'

### चर्चा में क्यों?

- अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एवं एक्सपो 2025 में उदयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को 'सिटी विद द बेस्ट नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम श्रेणी' में 'अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट' से सम्मानित किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- **राजस्थान सरकार की ओर से यह पुरस्कार नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्राप्त किया।**
- **उदयपुर शहर के साइक्लिंग ट्रैक्स, शहरभर में डॉकिंग यार्ड्स और 400 सार्वजनिक साइकिलों की सुविधा ने इसे देश के अग्रणी हरित शहरों में स्थान दिलाया है।**
- **जून, 2025 में राजस्थान के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक द्वारा उदयपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय नागरिकों व पर्यटकों के लिए भरोसेमंद परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य की पहली सहकारी मॉडल पर आधारित बाइक-ऑन-रेंट सेवा 'को-ऑप राइड (Co-op Ride)' का शुभारंभ किया गया।**
- **केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन में राजस्थान के चार शहर जयपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर शामिल हैं।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप : उदयपुर




## चर्चा में क्यों?

- 11 से 13 नवम्बर, 2025 तक उदयपुर में 'नेशनल वर्कशॉप ऑन एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप' का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्य बिन्दु:

### आयोजक संस्थाएँ:

- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका)
- ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान सरकार।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उद्देश्य :** इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं पशुधन आधारित उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ आजीविका अवसरों का विस्तार तथा विभिन्न राज्यों और संस्थाओं के बीच ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है।
- इस राष्ट्रीय कार्यशाला में ग्रामीण आजीविका के सतत विकास के लिए कृषि एवं पशुधन उद्यमिता को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गिद्ध संरक्षण में राजस्थान का योगदान

## चर्चा में क्यों?

- देश में तेजी से घटती गिद्धों की आबादी को बचाने में राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

## मुख्य बिन्दु:

- हाल ही में भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) देहरादून के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए नवीनतम सर्वेक्षण में राजस्थान के 49 जगहों पर गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की गई।
- यह देशव्यापी फील्ड सर्वे वर्ष 2023 से 2025 तक किया गया। सर्वे में कुल 216 स्थलों पर गिद्धों की मौजूदगी दर्ज की गई।
- अध्ययन का फोकस चार अत्यंत संकटग्रस्त प्रजातियों - व्हाइट-रंम्प्ड वल्चर (Gyps bengalensis), इंडियन वल्चर (Gyps indicus), स्लेंडर-बिल्ड वल्चर (Gyps tenuirostris) और रेड-हेडेड वल्चर (Sarcogyps calvus) पर रहा।
- राजस्थान में कुल 49 स्थानों पर गिद्ध पाए गए। इनमें से 26 स्थान संरक्षित वन क्षेत्रों में हैं।
- प्रमुख संरक्षण क्षेत्रों में रणथंभौर टाइगर रिजर्व, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व और सरिस्का टाइगर रिजर्व शामिल है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

#### डाइक्लोफेनाक (Diclofenac):

- हाल ही के वर्षों में गिद्धों की संख्या में आ रही गिरावट का मुख्य कारण पालतू पशुओं के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाई डाइक्लोफेनाक (Diclofenac) है।
- डाइक्लोफेनाक (Diclofenac) एक नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग (NSAIDS) है। इस ड्रग्स को वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा पशु चिकित्सा उपयोग के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, लेकिन अभी भी पूरे देश में इस ड्रग्स का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- पूरे एशिया में गिद्धों की आबादी में गिरावट (99 प्रतिशत) के लिये यही ड्रग्स जिम्मेदार है।
- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (IVRI) के नेतृत्व में एक शोध में पाया गया कि घरेलू मवेशियों में देखे गए परिणामों के समान, पानी की भैंसों में इंजेक्ट किए जाने के बाद एसिक्लोफेनाक भी डाइक्लोफेनाक (Diclofenac) में परिवर्तित हो जाता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **विश्व का पहला एशियाई किंग गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केंद्र :** महाराजगंज (उत्तर प्रदेश)
- **अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस :** प्रति वर्ष सितंबर माह के पहले शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया जाता है। पहला अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस सितंबर, 2009 में मनाया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान का पहला इंसेंटिव कैलकुलेटर : लाभकैल्क**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य का पहला इंसेंटिव कैलकुलेटर 'लाभकैल्क (LaabhCalc)' लॉन्च किया गया।<br>■ यह एक इंसेंटिव कैलकुलेटर है, जो निवेशकों को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) 2024 के तहत राज्य में नया उद्योग स्थापित करने या मौजूदा इकाई का विस्तार करने पर मिलने वाले इंसेंटिव्स का अनुमान लगाने में मदद करता है।<br>■ RIPS 2024, राजस्थान सरकार की प्रमुख निवेश प्रोत्साहन योजना है। इसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2024 में यूनाइटेड किंगडम में हुए रोडशो के दौरान जारी किया था। इस योजना का उद्देश्य निवेश लागत को कम करते हुए राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करना है। |
| 2. | **बूंदी महोत्सव – 2025**<br>■ **आयोजन :** 8 से 10 नवंबर, 2025 तक।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान पर्यटन विभाग।<br>■ **उद्घाटन :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री (राजस्थान) हीरा लाल नागर द्वारा।<br>■ महोत्सव में सैंड आर्ट फेस्टिवल' का उद्घाटन व नवल सागर पार्क पर बॉलीवुड सिंगर और इंडियन आइडल विजेता सलमान अली की 'सिने संध्या' का आयोजन किया गया।<br>■ बूँदी महोत्सव का प्रथम संस्करण वर्ष 1996 में हुआ था। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **6 जिले अभावग्रस्त घोषित**<br>■ हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के 6 जिलों के किसानों को राहत देने के लिए राज्य आपदा प्रमोचन निधि (SDRF) से कृषि अनुदान वितरण की स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय से अजमेर, अलवर, झुँझुनूँ, कोटा, पाली और बांसवाड़ा के 8 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता और राहत मिलेगी। |
| 4. | **रिहेबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के राजस्थान में 4 CoE**<br>■ रिहेबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (RCI) ने हाल ही में देशभर के 144 शीर्ष संस्थानों और विश्वविद्यालयों को "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" (उत्कृष्टता केंद्र) का दर्जा दिया। इन 144 संस्थानों में राजस्थान के 4 संस्थान शामिल है।<br>○ एमबीएम विश्वविद्यालय (MBM University), जोधपुर।<br>○ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (JNVU), जोधपुर।<br>○ मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (MLSU), उदयपुर।<br>○ कम्पोजिट रीजनल सेंटर (CRC), जामडोली (जयपुर)। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## 18वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन और प्रदर्शनी, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 9 नवंबर, 2025 को तीन दिवसीय शहरी गतिशीलता भारत (UMI) सम्मेलन और प्रदर्शनी, 2025 हरियाणा के गुरुग्राम में संपन्न हुई।




### मुख्य बिन्दु:

- समापन समारोह के दौरान, माननीय केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना का लोगो और इसकी वेबसाइट भी लॉन्च की गई।
- **आगामी UMI सम्मेलन :** 19वां शहरी गतिशीलता भारत (UMI) सम्मेलन और प्रदर्शनी, 2026, 23 से 25 अक्टूबर, 2026 तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **पुरस्कार वितरण :** तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन शहरी परिवहन की विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। ये पुरस्कार राज्य/नगरीय प्राधिकरणों को "शहरी परिवहन में उत्कृष्टता/सर्वोत्तम अभ्यास परियोजनाओं" के लिए दिए जाते हैं। विजेताओं को निम्नलिखित 8 श्रेणियों के पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनकी अनुशंसा सरकारी उच्चाधिकारियों और क्षेत्र के विशेषज्ञों की अध्यक्षता वाली पुरस्कार चयन समिति द्वारा की गई है :

| श्रेणी | विजेता शहर |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वाला शहर | चेन्नई |
| सर्वश्रेष्ठ गैर-मोटर चालित परिवहन प्रणाली वाला शहर | उदयपुर |
| सबसे नवीन वित्तपोषण तंत्र वाला शहर | पिंपरी चिंचवाड़ |
| सर्वश्रेष्ठ हरित परिवहन पहल वाला शहर | हैदराबाद |
| सर्वश्रेष्ठ मल्टीमॉडल एकीकरण के साथ मेट्रो रेल | चेन्नई |
| सर्वोत्तम यात्री सेवा और संतुष्टि वाली मेट्रो रेल | दिल्ली और चेन्नई |
| पिछले वर्ष के दौरान सर्वोत्तम शहरी परिवहन परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को रनिंग ट्रॉफी | कोलकाता, मैसूर और भुवनेश्वर |
| मिजोरम की यातायात प्रबंधन प्रणाली के लिए विशेष पुरस्कार | आइजोल |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय शहरी कॉन्क्लेव, 2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने नई दिल्ली के यशोभूमि में दो दिवसीय राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **थीम :** "सतत शहरी विकास और शासन"
- **डंपसाइट रीमेडिएशन एक्सेलेरेटर प्रोग्राम (DRAP) का शुभारंभ :** यह एक वर्ष चलने वाला, मिशन-मोड कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शहरी भारत में शेष डंपसाइटों के उपचार को फास्ट ट्रैक करना है, जिससे सितंबर, 2026 तक "लक्ष्य जीरो डंपसाइट" अर्जित करने के भारत के विजन को आगे बढ़ाया जा सके।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### स्वच्छ भारत मिशन - ज्ञान प्रबंधन इकाई (KMU) का शुभारंभ।

- **अर्बन इन्वेस्ट विंडो (UIWIN) का शुभारंभ :** जो आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में हुडको की एक पहल है। UIWIN भारतीय शहरों के लिए एक वन-स्टॉप निवेश सुविधा मंच के रूप में कार्य करेगी, जिसे निजी निवेश आकर्षित करने और विश्व बैंक तथा एशियाई विकास बैंक जैसे बहुपक्षीय संस्थानों से दीर्घकालिक, रियायती और प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण तक पहुँच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **जल ही जननी का शुभारंभ :** दैनिक जीवन में जल के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए अमृत गीत 'जल ही जननी' भी लॉन्च किया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# "आदि चित्र"

## चर्चा में क्यों?

- 9 नवंबर, 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) के सहयोग से राष्ट्रीय जनजातीय चित्रकला प्रदर्शनी "आदि चित्र" का आयोजन कर रहा है।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवंबर 2025) के तहत्, इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 नवंबर, 2025 को पी. एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी, प्रभादेवी, मुंबई में किया गया।

**प्रदर्शनी में शामिल हैं :**

1. महाराष्ट्र से वारली चित्रकलाएँ
2. ओडिशा से सौरा और पट्टचित्र कला
3. मध्य प्रदेश से गोंड और भील कला
4. गुजरात से पिथोरा चित्रकलाएँ



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत और लैटिन अमेरिका संबंध

### चर्चा में क्यों?

- भारत-पेरू व्यापार समझौते पर 9वें दौर की वार्ता 3 से 5 नवंबर, 2025 तक पेरू के लीमा में आयोजित की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- प्रस्तावित समझौते के प्रमुख अध्यायों में चर्चा के दौरान ठोस प्रगति देखी गई, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार, मौलिकता संबंधी नियमावली, व्यापार में तकनीकी बाधाएँ, सीमा शुल्क प्रक्रियाएं, विवाद निपटान और महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं।
- इससे पूर्व, भारत-चिली व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) की तीसरी दौर की वार्ता 27 से 30 अक्टूबर, 2025 तक चिली के सैंटियागो में आयोजित की गई थी।

**भारत के लिये लैटिन अमेरिका का महत्त्व :**

- **आर्थिक :** लैटिन अमेरिका प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें ताँबा, लिथियम और लौह अयस्क जैसे खनिज़ शामिल हैं, जो भारत की बढ़ती औद्योगिक मांगों के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- इस क्षेत्र का सामूहिक सकल घरेलू उत्पाद 6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जो भारतीय निर्यात् और निवेश के लिये पर्याप्त बाज़ार उपलब्ध कराता है।
- वर्ष 2025 तक 100 बिलियन डॉलर (लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के साथ) का लक्ष्य रखते हुए बढ़ता व्यापार भारत की वैश्विक रणनीति में इस क्षेत्र के महत्त्व को दर्शाता है।
- **ऊर्जा सुरक्षा:** ऊर्जा की बढ़ती मांग के साथ, लैटिन अमेरिका भारत के लिये कच्चे तेल का प्रमुख आपूर्तिकर्त्ता बनकर उभरा है।
- भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 15 से 20 प्रतिशत हिस्सा लैटिन अमेरिका से आयात करता है, जिसमें ब्राज़ील और मैक्सिको जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्त्ता भी शामिल हैं।
- हाल ही में, विश्व की सबसे बड़ी तांबा उत्पादक कंपनी चिली की कोडेल्को, भारत के अडानी समूह को गुजरात में उसके कच्छ कॉपर स्मेल्टर के लिये तांबा सांद्रण की आपूर्ति की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सामरिक साझेदारियाँ :** भू-राजनीतिक परिदृश्य परिवर्तित हो गया है, जिससे भारत को इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिये लैटिन अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने की प्रेरणा मिली है।
- **सांस्कृतिक एवं शैक्षिक आदान-प्रदान :** भारत और लैटिन अमेरिका के बीच सांस्कृतिक संबंधों को शैक्षिक आदान-प्रदान तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग के माध्यम से दृढ़ता मिली है।
- भारतीय IT कंपनियाँ इस क्षेत्र में 40,000 से अधिक स्थानीय पेशेवरों को रोज़गार देती हैं, जो रोज़गार सृजन और कौशल विकास में योगदान देती हैं।
- **खाद्य सुरक्षा :** लैटिन अमेरिका का विशाल कृषि परिदृश्य भारत को खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से दालों और तिलहनों में, जो खाद्य सुरक्षा के लिये आवश्यक हैं।
- **तकनीकी और औद्योगिक सहयोग :** लैटिन अमेरिका में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम 99.5 प्रतिशत से अधिक व्यापारिक कार्यढाँचे का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसका भारत लाभ उठा सकता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## INS इक्षक

### चर्चा में क्यों?

- विशाल सर्वेक्षण पोत (SVL) श्रृंखला के तीसरे जहाज, INS इक्षक को 06 नवंबर, 2025 को कोच्चि स्थित नौसेना बेस में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम के दौरान भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।



### मुख्य बिन्दु:

- इस अवसर पर नौसेना प्रमुख को 50 जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
- INS इक्षक भारतीय नौसेना के Survey Vessel Large (SVL) वर्ग का तीसरा पोत है, जबकि इससे पहले INS संध्याक और INS निर्देशाक सेवा में शामिल हो चुके हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नामकरण :** ‘इक्षक’ शब्द का अर्थ है “मार्गदर्शक”, जो इस पोत के मिशन अज्ञात समुद्री मार्गों का मानचित्रण और सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने का प्रतीक है।
- **विकास :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) लिमिटेड, कोलकाता।
- **डिजाइन :** युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो।
- **मुख्य उद्देश्य :** INS इक्षक का मुख्य कार्य हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण (Hydrographic Survey) करना है, यानी समुद्र की गहराई, ज्वार-भाटा, समुद्र तल की बनावट और अन्य विशेषताओं का अध्ययन एवं मानचित्रण।
- यह SVLश्रेणी का पहला पोत है जिसमें महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए समर्पित आवास की सुविधा है।

### विशेषताएं

- **आत्मनिर्भरता :** इसमें 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री है ।
- **Remotely Operated Vehicle (ROV):** HD कैमरे के माध्यम से समुद्री मलबे या जहाजों की जांच कर सकता है।
- **क्षमता :** यह जहाज 110 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा है, जिसका वजन 3,400 टन है।
- **गति :** जहाज की प्रणोदन प्रणाली में जुड़वां शाफ्ट विन्यास में दो मुख्य इंजन शामिल हैं और इसे 14 नॉट्स की क्रूज गति और 18 नॉट्स की अधिकतम गति के साथ डिजाइन किया गया है।
- **रणनीतिक महत्व :** आईएनएस इक्षक भारत की समुद्री शक्ति को सुदृढ़ करने वाला एक आधुनिक, बहुउद्देश्यीय जहाज है, जो भारत को “नील जल नौसेना” (Blue Water Navy) के लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मिनटमैन-III परमाणु मिसाइल परीक्षण

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अमेरिका ने अपनी मिनटमैन-III (Minuteman III) अंतरमहाद्वीपीय परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण कैलिफोर्निया से किया, जो लगभग 6,700 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए प्रशांत महासागर में एक परीक्षण स्थल तक पहुँची।



## मुख्य बिन्दु:

- LGM-30G Minuteman III अमेरिका द्वारा निर्मित एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (Intercontinental Ballistic Missile: ICBM) है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**'LGM' का अर्थ है:**

- **L– साइलो से लॉन्च की जाने वाली (Silo-launched)**
- **G– ग्राउंड अटैक (Surface Attack)**
- **M– गाइडेड मिसाइल (Guided Missile)**
- **यह मिसाइल 1970 के दशक की शुरुआत में सेवा में आई थी और यह अमेरिका के न्यूक्लियर ट्रायड (Nuclear Triad) का एकमात्र भूमि-आधारित घटक है।**
- **इसे डगलस एयरक्राफ्ट कंपनी ने विकसित किया था।**
- **गति : लगभग 24,000 किलोमीटर प्रति घंटा (Mach 23)**

**परमाणु हथियारों की वैश्विक स्थिति :**

| देश | अनुमानित वारहेड (2025) |
|---|---|
| अमेरिका | 5,177 |
| रूस | 5,459 |
| चीन | 600 (लगातार वृद्धि) |
| भारत | 180 |
| पाकिस्तान | 170 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## मालाबार, 2025 अभ्यास

### चर्चा में क्यों?


- भारत और अमेरिका के मध्य टैरिफ तनाव के बीच, मालाबार नौसैनिक अभ्यास उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में शुरू हो रहा है, जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं भाग ले रही हैं।



### मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत और विस्तार :** वर्ष 1992 में भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू किए गए इस बहुपक्षीय युद्धाभ्यास का वर्ष 2007 में विस्तार कर इसमें जापान और ऑस्ट्रेलिया को भी शामिल कर लिया गया।
- **आयोजन स्थल :** गुआम, उत्तरी प्रशांत क्षेत्र।
- **भाग लेने वाले देश :** भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं (क्वाड समूह)।


### क्वाड (QUAD):





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 'चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता' (QSD) के रूप में जाना जाने वाला क्वाड एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है जिसमें चार राष्ट्र शामिल हैं - अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान।
- **उद्देश्य :** यह ऐसे खुले, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत (Indo-Pacific) क्षेत्र का समर्थन करता है, जो समृद्ध और मजबूत हो। इस संगठन के अंतर्गत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सकारात्मक और स्थायी प्रभाव रखने वाले विश्व के चार लोकतांत्रिक देश वैश्विक कल्याण के लिए एक शक्ति के रूप में कार्य करते हैं।
- **विजन :** वर्ष 2023 में एक विजन स्टेटमेंट लॉन्च किया गया, जो 'इंडो-पैसिफिक के लिए स्थायी साझेदार' थीम पर केंद्रित है।




### क्वाड (QUAD) के सैन्य अभ्यास :

1. **ला पेरोस :** भारत, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जापान और यूनाइटेड किंगडम।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. साल्वेक्स : भारत और अमेरिका।
3. सी ड्रैगन : भारत, अमेरिका, जापान, कनाडा और दक्षिण कोरिया।
4. पूर्व वीर गार्जियन : भारत और जापान के बीच हवाई अभ्यास।
5. अभ्यास काकाडू : मालाबार देशों के बीच एक द्विवार्षिक अभ्यास (ऑस्ट्रेलियाई नौसेना द्वारा आयोजित)।

- अभ्यास का प्रकार : बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास।
- आयोजन : 10 नवंबर से 19 नवंबर, 2025 (नौ दिवसीय अभ्यास)।
- भारत का प्रतिनिधित्व : INS सह्याद्रि ; स्वदेशी तकनीक से डिजाइन और निर्मित आइएनएस सह्याद्री गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट है।
- चरण : बंदरगाह तथा समुद्री चरण।

उद्देश्य:

1. अंतर संचालनीयता (interoperability) को बढ़ाना।
2. साझेदारी और तालमेल को मजबूत करना।
3. क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करना।

- अभ्यास मित्र शक्ति 2025 : भारत-श्रीलंका की सेनाएं 10 नवंबर से 23 नवंबर तक वार्षिक सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति (11वां संस्करण) में शामिल होंगी। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय के अनुसार यह अभ्यास कर्नाटक के बेलगावी स्थित विदेशी प्रशिक्षण विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया जाएगा।
- मित्र शक्ति 2025 अभ्यास का उद्देश्य शहरी और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में संयुक्त अभियानों के संचालन में दोनों सेनाओं के मध्य तालमेल को बढ़ाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

| प्रकार | अभ्यास | भागीदार देश/क्षेत्र | आयोजन | फोकस क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| त्रिकोणीय सेवा | टाइगर ट्रायम्फ | USA | 1 से 13 अप्रैल, 2025 विशाखापत्तनम और काकीनाडा | उभयचर संचालन, एचएडीआर, संयुक्त कमान प्रशिक्षण |
| | ब्राइट स्टार (19 वां संस्करण) | मिस्र (बहुपक्षीय) | 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2025 मिस्र | त्रि-सेवा संचालन, लाइव फायरिंग, सीपीएक्स |
| | मालाबार | क्वाड | नवंबर, 2025 गुआम | वाहक संचालन, ASW, समुद्री सुरक्षा। |
| सेना अभ्यास | युद्ध अभ्यास | USA | 1 से 14 सितंबर, 2025 अलास्का | उच्च-ऊंचाई वाले युद्ध, ड्रोन-रोधी अभ्यास। |
| | धर्म गार्जियन | जापान | 24 फ़रवरी से 9 मार्च, 2025 जापान | शहरी युद्ध, आतंकवाद-रोधी। |
| | एकुवेरिन | मालदीव | 2 से 15 फ़रवरी, 2025 मालदीव | आतंकवाद-रोधी, संयुक्त सामरिक सहयोग। |
| | साइक्लोन | मिस्र | 10 से 23 फरवरी, 2025 राजस्थान | विशेष बल प्रशिक्षण, रेगिस्तानी युद्ध। |
| | खंजर XII | किर्गिज़स्तान | 5 से 9 मार्च, 2025 हिमाचल प्रदेश | पर्वतीय युद्ध, बंधक बचाव |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | दस्तलिक | उज़्बेकिस्तान | 16 से 28 अप्रैल, 2025 पुणे | आतंकवाद विरोधी, संयुक्त सामरिक अभ्यास। |
| | नोमैडिक एलीफेंट (17 वां संस्करण) | मंगोलिया | 31 मई से 13 जून, 2025 उलानबटार | उग्रवाद-विरोधी, जंगल युद्ध। |
| | मित्र शक्ति | श्रीलंका | 12 से 25 अगस्त, 2025 मदुरु ओया | शांति स्थापना अभियान, आतंकवाद-रोधी अभियान। |
| | भारत-थाईलैंड अभ्यास | थाईलैंड | अगस्त 2025, बैंकॉक | आतंकवाद विरोधी, सामरिक समन्वय। |
| | युद्ध कौशल 3.0 | स्वदेशी (भारत) | अगस्त, 2025, अरुणाचल प्रदेश | अगली पीढ़ी की तकनीक, एकीकृत युद्ध अभ्यास। |
| वायु सेना | आक्रमण | भारत (IAF) | अप्रैल, 2025, नियंत्रण रेखा क्षेत्र | फुल-स्पेक्ट्रम IAF ऑपरेशन, राफेल, S-400, गरुड़ कमांडो। |
| नौसेना | वरुण | फ्रांस | 19 से 22 मार्च, 2025 अरब सागर | वाहक संचालन, ASW, MEDEVAC |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बोंगोसागर + कॉर्पेट | बांग्लादेश | 10 से 13 मार्च, 2025 बंगाल की खाड़ी | समुद्री निगरानी, समुद्री डकैती विरोधी अभियान। |
| | ऐकीमे (AIKEYME) | अफ्रीका (9 राष्ट्र) | 13 से 18 अप्रैल, 2025 तंजानिया | भारत-अफ्रीकी नौसैनिक सहयोग। |
| | सिम्बेक्स | सिंगापुर | 28 जुलाई से 1 अगस्त, 2025 दक्षिण चीन सागर | तोपखाना, वायु रक्षा, बेड़ा समन्वय। |
| | स्लाइनेक्स | श्रीलंका | 14 से 18 अगस्त, 2025 श्रीलंका के तट पर | बेड़े संचालन, विशेष बल सहयोग। |
| | बोल्ड कुरुक्षेत्र | सिंगापुर | जुलाई से अगस्त 2025, राजस्थान | यंत्रीकृत पैदल सेना प्रशिक्षण। |
| | ला पेरोस | बहुपक्षीय (फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, आदि) | 16 से 24 जनवरी, 2025 इंडोनेशियाई जलडमरूमध्य | बहुपक्षीय नौसैनिक सुरक्षा, समुद्री अंतरसंचालनीयता। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## जेम्स वाटसन का निधन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक जेम्स वाटसन का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 1953 में फ्रांसिस क्रिक के साथ मिलकर DNA की द्वि-हेलिक्स संरचना की खोज की थी।




UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस अभूतपूर्व खोज के लिए वाटसन, क्रिक और मौरिस विल्किंस को 1962 में शरीरक्रिया विज्ञान और चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला। इस खोज ने आण्विक जीव विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी।
- वर्ष 1928 में शिकागो में जन्मे वाटसन ने कैम्ब्रिज में अपना शोध जारी रखने से पहले शिकागो विश्वविद्यालय में अध्ययन किया।
- जेम्स वाटसन ने क्रिक के साथ मिलकर रोज़लिंड फ्रैंकलिन की एक्स-रे छवियों का उपयोग करके DNA की संरचना का पता लगाया।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**DNA की द्वि-कुंडलित (डबल हेलिक्स) संरचना:**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रतिपादक :** जेम्स वाटसन और फ्रांसिस क्रिक (वर्ष 1953)
- डीएनए की संरचना को डबल हेलिक्स कहा जाता है क्योंकि यह एक मुड़ी हुई सीढ़ी जैसी दिखती है। डीएनए के एक अणु में दो तंतु होते हैं जो एक दूसरे के चारों ओर मुड़ी हुई सीढ़ी की तरह लिपटे होते हैं, जहां प्रत्येक तंतु में एक रीढ़ होती है जिसमें फॉस्फेट और शर्करा समूहों के वैकल्पिक समूह होते हैं। नाइट्रोजनयुक्त क्षार इन दोनों तंतुओं को एक साथ पकड़े रखने के लिए केंद्रीय रूप से स्थित होते हैं।
- डीऑक्सीराइबोन्यूक्लियोटाइड्स डीएनए के निर्माण खंड हैं, जो डीऑक्सीराइबोन्यूक्लियोटाइड्स का एक लंबा बहुलक है। आण्विक जीव विज्ञान में, द्वि-कुंडलित संरचना, डीएनए जैसे द्वि-रज्जुक न्यूक्लिक अम्ल अणुओं द्वारा निर्मित संरचना होती है। किसी न्यूक्लिक अम्ल संकुल का द्वि-कुंडलित भाग उसकी द्वितीयक संरचना के परिणामस्वरूप बनता है और उसकी तृतीयक संरचना को परिभाषित करने में एक महत्वपूर्ण पहलू है।
- एक न्यूक्लियोटाइड एक नाइट्रोजनी क्षार, एक पेन्टोज शर्करा और एक फॉस्फेट समूह से बना होता है।
- **नाइट्रोजनी क्षारों को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है :** प्यूरीन और पाइरीमिडीन।

  1. **प्यूरीन:** दो प्यूरीन एडेनिन और ग्वानिन हैं।
  2. **तीन पाइरीमिडीन हैं :** साइटोसिन, यूरैसिल और थाइमिन।
- साइटोसिन DNA और RNA दोनों में पाया जाता है, और थाइमिन डीएनए में पाया जाता है। RNA में थाइमिन की जगह यूरैसिल ले लेता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## गोल्डन पीकॉक अवार्ड, 2025

### चर्चा में क्यों?




- नवंबर 2025 में, हेरिटेज फूड्स लिमिटेड (HFL), एक भारतीय निजी क्षेत्र के डेयरी उद्यम को लंदन, यूनाइटेड किंगडम (UK) में 4 से 7 नवंबर, 2025 तक आयोजित IOD लंदन ग्लोबल कन्वेंशन ऑन कॉर्पोरेट गवर्नेंस एंड सस्टेनेबिलिटी के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (IOD), भारत द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड, 2025 से सम्मानित किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह पुरस्कार HFL को 11 राष्ट्रीय विजेताओं में स्थान देता है और हेरिटेज फूड्स लिमिटेड (HFL) को इस वर्ष सम्मान प्राप्त करने वाली एकमात्र फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (FMCG) फर्म के रूप में प्रतिष्ठित करता है।
- कार्यक्रम के दौरान, HFL की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (MD) भुवनेश्वरी नारा को उनके नेतृत्व, नैतिक दृष्टि और शासन उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित "इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स का प्रतिष्ठित फेलो" का खिताब मिला।

#### हेरिटेज फूड्स लिमिटेड (HFL) :

- **मुख्यालय :** हैदराबाद (तेलंगाना)
- **स्थापना :** वर्ष 1992


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, 2025 : 9 नवंबर

### चर्चा में क्यों?

- 9 नवंबर को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके कारण जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने वाले संगठनों की स्थापना हुई।


### मुख्य बिन्दु:

- विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना समाज के हाशिए पर खड़े और वंचित वर्गों को नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई थी। चूंकि यह अधिनियम 9 नवंबर, 1995 को लागू हुआ था, इसलिए इसके कार्यान्वयन के उपलक्ष्य में इस दिन को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**इस अधिनियम ने नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए एक त्रि-स्तरीय प्रणाली स्थापित की:**

1. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में)
2. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में)
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




- **लोक अदालत :** इस अधिनियम ने लोक अदालतों और स्थायी लोक अदालतों की भी स्थापना की, जो उपरोक्त विधिक प्राधिकारियों द्वारा आयोजित वैकल्पिक विवाद निवारण मंच हैं। यह मंच लंबित विवादों या मामलों या मुकदमे-पूर्व चरण के मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा करते हैं।
- **कानूनी सहायता बचाव परामर्श प्रणाली (LADCS) योजना :** NALSA द्वारा शुरू की गई LADCS योजना, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आपराधिक मामलों में निःशुल्क कानूनी बचाव प्रदान करती है।
- **नारी अदालत :** यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत एक योजना है जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हस्तक्षेप को मज़बूत करना है। इन अदालतों का उद्देश्य घरेलू हिंसा और अन्य लिंग-आधारित हिंसा से संबंधित मुद्दों को आपसी सहमति से बातचीत, मध्यस्थता और सुलह के माध्यम से सुलझाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### भारतीय संविधान में नि:शुल्क और सक्षम विधिक सेवा के प्रावधान :






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, 2025 : 11 नवंबर

## चर्चा में क्यों?



- भारत में प्रतिवर्ष 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के सम्मान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है।

## मुख्य बिन्दु:

- **शुरुआत :** सितंबर, 2008
- **मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का योगदान :** 'अबुल कलाम' का शाब्दिक अर्थ है 'संवादों का देवता'।
- **रचनाएँ :** बेसिक कॉन्सेप्ट ऑफ कुरान, गुबार-ए-खातिर, दर्श-ए-वफा, इंडिया विन्स फ्रीडम आदि।
- शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आज़ाद उदारवादी, सर्वहितवाद/सार्वभौमिकता के प्रतिपादक थे, जो वास्तव में उदार मानवीय शिक्षा प्रणाली थी।

| स्वतंत्रता पूर्व | स्वतंत्रता के पश्चात् |
|---|---|
| ■ **अल-हिलाल पत्रिका :** वर्ष 1912 में उन्होंने उर्दू में अल-हिलाल नामक एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की, जिसने मॉर्ले-मिंटो सुधारों (1909) के बाद दो समुदायों के मध्य हुए मनमुटाव को समाप्त कर हिंदू-मुस्लिम एकता को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। | ■ **प्रथम शिक्षा मंत्री:** वर्ष 1947 में वह स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बने और वर्ष 1958 में अपनी मृत्यु तक इस पद पर बने रहे।<br>■ **भारत रत्न :** मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को मरणोपरांत वर्ष 1992 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आज़ाद और कांग्रेस :** गांधीजी द्वारा शुरू किये गए असहयोग आंदोलन (1920-22) का समर्थन किया और वर्ष 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हुए।
- वर्ष 1923 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। 35 वर्ष की आयु में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए।
- वह वर्ष 1940 में फिर से कांग्रेस के अध्यक्ष बने और 1946 तक इस पद पर बने रहे।
- **स्थापित संस्थान :** शिक्षा मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान देश में पहले IIT, IISc, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई थी।
- **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) :** अन्य देशों में भारतीय संस्कृति के परिचय हेतु गठन किया।
- **जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय :** वह जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से एक थे जिसे मूल रूप से वर्ष 1920 में संयुक्त प्रांत के अलीगढ़ में स्थापित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर : राहुल V.S.

### चर्चा में क्यों?



- भारत के राहुल V.S. (तमिलनाडु) छठी आसियान व्यक्तिगत शतरंज चैंपियनशिप जीतकर 91वें ग्रैंडमास्टर बन गए।

### मुख्य बिन्दु:

- इससे पूर्व नवंबर, 2021 में चौथा और 2400 एलो रेटिंग पाने के बाद पाँचवाँ इंटरनेशनल मास्टर का दर्जा हासिल किया था।
- राहुल एशियाई जूनियर चैम्पियन भी हैं। वह वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय चेस मास्टर का खिताब भी जीत चुके हैं।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

| | |
|---|---|
| 90वें ग्रैंडमास्टर | इल्लमपर्थी AR (चेन्नई) |
| 89वें ग्रैंडमास्टर | एस रोहित कृष्णा |

### भारतीयों द्वारा जीते गए विश्व खिताब:

- **विश्वनाथन आनंद :** सबसे सफल भारतीय शतरंज खिलाड़ी, उन्होंने वर्ष 2000, वर्ष 2007, वर्ष 2008, वर्ष 2010 और वर्ष 2012 में फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीती।
- वर्ष 2003 और वर्ष 2017 में वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप तथा वर्ष 2000 और वर्ष 2017 में वर्ल्ड ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप भी जीती। वह शतरंज के तीनों प्रारूपों में विश्व खिताब जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **कोनेरू हम्पी :** उच्चतम श्रेणी की भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी, जिसने वर्ष 2019 में महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती।
- उन्होंने वर्ष 2019-2020 में महिला ग्रैंड प्रिक्स सीरीज़ भी जीती।
- **हरिका द्रोणावल्ली :** दूसरी सबसे बड़ी भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी, जिसने वर्ष 2012, वर्ष 2015 और वर्ष 2017 में महिला विश्व शतरंज चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। उन्होंने वर्ष 2016 में चेंगदू में फिडे महिला ग्रैंड प्रिक्स इवेंट भी जीता।
- **आर प्रज्ञाननंदा :** सबसे कम उम्र के भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व शतरंज में सबसे होनहार प्रतिभाओं में से एक, जिसने वर्ष 2019 में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप (अंडर -18) जीती। उन्होंने वर्ष 2021 में एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप (ओपन) भी जीती।
- **गुकेश डोमाराजू :** वर्ष 2024 FIDE विश्व शतरंज चैंपियनशिप गुकेश डोमाराजू ने जीती, जो 18 वर्ष की आयु में इतिहास में सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व चैंपियन बने।
- सिंगापुर में आयोजित 14-गेम के क्लासिकल मैच में मौजूदा चैंपियन डिंग लिरेन (चीन) को हराया।
- **दिव्या देशमुख :** दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया के बाटुमी में खेले गए फाइनल में अपने ही देश की कोनेरू हम्पी को हराकर FIDE महिला विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी बन गईं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR